शिक्षा में आईसीटी के उपयोग के लिए स्कूली शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार - 2017

प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 31.07.2017

मानव संसाधन विकास मंत्रालय - भारत सरकार, सभी राज्यों/ केन्द्र शासित प्रदेशो और मानव संसाधन विकास मंत्रालय के आधीन स्वायत्त शैक्षिक संस्थानो से राष्ट्रीय आईसीटी पुरस्कार वर्ष 2017 के लिए नामांकन आमंत्रित करता है। पुरस्कारो की कुल संख्या 87 है। यह योजना उन शिक्षको को प्रोत्साहित करने के लिए प्रस्तावित है, जिन्होंने विद्यालयी पाठ्यक्रम एवं विषय- शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाने के लिए नवीन एकीकृत प्रौद्योगिकी का उपयोग कर विद्यार्थियो मे आईसीटी के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न की है, जिससे खोज आधारित सहायक और सहयोगपूर्ण शिक्षा को बढ़ावा दिया गया है।

योग्यता मानदंड

यह प्रतियोगिता संपूर्ण भारत के विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों के लिए रखी गई है।

चयन व प्रविष्टि जमा करना

- विद्यालय शिक्षको से निवेदन है कि वे अपनी प्रविष्टियो को संबंधित राज्यो / केन्द्रशासित प्रदेशो व स्वायत्त संस्थानो (केवीएस, एनवीएस, सीबीएसई, सीआईएससीई, सीटीएसए, रक्षा मंत्रालय के अर्न्तगत चलने वाले सैनिक स्कूल इत्यादि) के निदेशक / सचिव / आयुक्त को भेजे, जो योग्यता के क्रम मे अपने पुरस्कार कोटा से दोगुना शिक्षको का चयन व सिफारिश करेंगे ।
- शिक्षकों - प्रधानाध्यपकों से अनुरोध है कि किसी भी नामांकन को सीधे सीआईईटी, एनसीईआरटी, नई दिल्ली को नही भेजें।
- विद्यालयी शिक्षको द्वारा राज्यो / केन्द्र शासित प्रदेशो / स्वायत्त संस्थानो के सचिव (शिक्षा) को नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2017 है।
- राज्यो / केन्द्र शासित प्रदशो / स्वायत्त संस्थानो के सचिव द्वारा चुने हुए नामांकन को सीआईईटी, एनसीईआरटी मे जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2017 है।

अर्हयता, नियमों, शर्तो व प्रवेश फार्म संबंधी विस्तृत जानकारी हेतु हमारी वेबसाइट www.ciet.nic.in देखें या संपर्क करें —

संयुक्त निदेशक

केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, एनसीईआरटी

श्री अरविन्द मार्ग, नई दिल्ली -110016

ई-मेल : jdciet.ncert@nic.in